<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**23** मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- देश में निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।
- पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति के मद्देनजर पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति और कुशल वितरण सुनिश्चित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक। सरकार ने आश्वस्त किया, देश भर में आवश्यक ईंधन की कोई कमी नहीं।
- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अट्ठाइस मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों का लिया जायजा।
- चैत्र नवरात्र के पाचवें दिन आज हो रही है देवी के स्कंदमाता स्वरूप की आराधना। प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही लगी भक्तों की कतार। सप्तमी से नवमी तिथि तक प्रदेश भर में वृहद आयोजन कराएगी सरकार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर कल संयुक्त रूप से आठ हजार नौ सौ इकतीस दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया। उनसे पहले, पवन कुमार चामलिंग आठ हजार नौ सौ तीस दिन तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे थे। एक रिपोर्ट....

***श्री मोदी के नाम सबसे अधिक समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहने और प्रधानमंत्री बनने से पहले सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री होने का रिकार्ड शामिल है। श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म स्वतंत्रता के बाद हुआ है और जिन्होंने लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। वे 2001 में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे और 13 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बाद 2014 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने। यूट्यूब चैनल पर प्रधानमंत्री मोदी के तीन करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे सबसे अधिक फॉलोअर वाली राजनीतिक हस्तियों में शामिल हैं। इस वर्ष फरवरी में सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो गई है जो दुनिया के किसी भी सेवारत राजनेता से कहीं अधिक है। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति के मद्देनजर पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा के लिए कल नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्बाध आपूर्ति, स्थिर रसद और देश भर में कुशल वितरण सुनिश्चित करना था। सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश भर में आवश्यक ईंधन की कोई कमी नहीं है, तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल का पर्याप्त भंडार है। एक रिपोर्ट–

**सरकार ने देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की स्थिर उपलब्धता सुरक्षित करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में बताया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य रूप से जारी है और घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में छापेमारी की जा रही है। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

इस बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए बीस प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन पचास प्रतिशत हो जाएगा। इसमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गौतमबुद्धनगर के जेवर में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। एयरपोर्ट का उद्घाटन अट्ठाइस मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से रनवे पर लैंडिंग की और पहले हवाई सर्वेक्षण किया, जिसमें निर्माण कार्य, जनसभा स्थल तथा आवागमन के रास्तों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे पब्लिक टर्मिनल बिल्डिंग और जनसभा स्थल पर पहुंचे, जहां मौजूद अधिकारियों से एक–एक चीज की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के ऑफिस में गौतम बुद्ध नगर के साथ आसपास के जिलों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी से समन्वय बनाकर तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए, ताकि 28 मार्च को होने वाले ऐतिहासिक उद्घाटन में कोई कमी न रहे। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों इस एयरपोर्ट के उद्घाटन से उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। विशाल धर दूबे आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्धनगर।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रभावी कदम उठाये गये हैं। कल लखनऊ में आयोजित समारोह में एक हजार दो सौ अट्ठाइस चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ी है। इसके साथ ही नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा को लगातार प्रोत्साहन

दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अट्ठारह मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं जहां बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है।

***प्रदेश के अंदर ये डबल इंजन की सरकार आई। उसने हेल्थ केयर को भी प्रियोरटी के आधार पर आगे लिया। आज उसी का परिणाम ट्रांसफार्मेशन के रूप में हम सबको हर एक फील्ड में देखने को मिला है। प्रदेश के अंदर हम लोगों ने वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज की तरफ हम बढ़े हैं और वन डिस्ट्रिक हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बना है। हर जिले में एक नर्सिंग कॉलेज बना है। उस दिशा में आज प्रदेश सरकार आगे बढ़ी है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र, नर्सिंग और पैरामेडिकल की सीटों में कई गुना वृद्धि हुई है। यह बढ़ोत्तरी राज्य में डॉक्टरों और विशेषज्ञों की उपलब्धता को मजबूत करने में प्रभावी भूमिका निभायेगी।

**********

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि पन्द्रह करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे स्वास्थ्य में सुधार, जीवन स्तर और महिलाओं के सम्मान में वृद्धि हुई है। श्री पाटिल जल महोत्सव– दो हजार छब्बीस के समापन समारोह के अंतर्गत आयोजित सुजल ग्राम संवाद में पांच राज्यों के प्रतिभागियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उधर, विश्व जल दिवस पर लोगों को जागरूक करने के लिए कल प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। औरैया में "जल है, तो कल है" विषय पर विचार गोष्ठी में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण के लिए आगे आना होगा।

**********

चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में ब्रह्ममुहूर्त से ही दर्शन–पूजन के लिये श्रद्धालुओं की कतार लगी हुयी है। मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर में भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा है। सहारनपुर के शाकम्भरी देवी मंदिर, बलरामपुर के देवीपाटन स्थित मां पाटेश्वरी देवी मंदिर, वाराणसी के प्राचीन बागेश्वरी मंदिर, महराजगंज जिले में स्थित लेहड़ा माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने पहुंचे हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग जिला प्रशासन के समन्वय से चैत्र नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी तिथि–पच्चीस, छब्बीस और सत्ताइस मार्च को देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में देवीगीत, भजन, आध्यात्मिक–सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी में जुट गया है।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के अगले संस्करण की शुरुआत अट्ठाइस मार्च को हो रही है। लखनऊ सुपर जायंट्स अपना पहला मैच पहली अप्रैल को लखनऊ में खेलेगी। इससे पहले कल लखनऊ में क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केईआई द्वारा टीम के कप्तान ऋषभ पंत, मयंक यादव और अर्जुन तेंदुलकर ने अंडर–नाइन्टीन क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान की।

**********

प्रदेश के पूर्वी जिलों में बीते दो दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहा। आज सुबह भी ठंड महसूस की गयी। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के चलते आया। अनुमान है कि आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो जायेगा। इसके बाद अगले एक सप्ताह में तापमान चार से सात डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

**********